अमर उजाला

बरेली
मंगलवार, 9 नवंबर 2021
कार्तिक शुक्ल पंचमी
विक्रम संवत 2078

PAGE NO. : 09 MIDDLE LEFT

रिद्धिमा में पहला थिएटर फेस्ट इंद्रधनुष आज से

बरेली। श्री राममूर्ति स्मारक रिद्धिमा की ओर से पहला थिएटर फेस्टिवल इंद्रधनुष मंगलवार को शुरू होकर 14 नवंबर तक चलेगा। फेस्ट में मंगलवार को पहले दिन नाटक 'मैं पापिन क्यों' का मंचन किया जाएगा।

जानकारी देते हुए एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति। *अमर उजाला*

एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने बताया कि देश की साझा विरासत को संजोने और उसे पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से नौ महीने पहले श्री राममूर्ति रिद्धिमा की स्थापना की गई थी जिसने वसंतोत्सव समेत विभिन्न आयोजनों के माध्यम से कम ही समय में शास्त्रीय नृत्य, सुगम और शास्त्रीय संगीत, नाट्य कला, ललित कला एवं रंगमंच के क्षेत्र में पहचान बनाई है। लॉकडाउन के बाद यहां प्रति सप्ताह एक नाटक का मंचन किया जा रहा है। अब थिएटर प्रेमियों के लिए छह दिन का थिएटर फेस्टिवल इंद्रधनुष शुरू किया जा रहा है। इसमें मंगलवार को अश्वनी कुमार के लिखित नाटक 'मैं पापिन क्यों' का मंचन शाम 5:30 से किया जाएगा। संवाद